# अग्रवाल कॉलेज में किया गया “कॉर्पोरेट जगत में उभरती प्रौद्योगिकियां” विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन

By **Poonam Sagar** - November 23, 2022



**बल्लभगढ़ (नेशनल प्रहरी/ रघुबीर सिंह)।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में 23 नवंबर को कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा "कॉर्पोरेट जगत में उभरती प्रौद्योगिकियां" विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत के संरक्षण में आयोजित किया गया। सत्र के प्रारंभ में कंप्यूटर विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सचिन गर्ग ने स्वागत भाषण दिया और मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हिमांशु सिंगला, सीईओ और संस्थापक ऑनलाइन ट्रबल शूटर्स, को गुलदस्ता भेंट किया। यह अतिथि व्याख्यान सेल्फ फाइनेंस विंग-तृतीय के प्रभारी डॉ.संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के वक्ता हिमांशु सिंगला एक सीरियल एंटरप्रेन्योरए निवेशक और वेबहोस्टिंग कंपनी ऑनलाइन ट्रबलशूटर्स के कोच है। उन्होंने जे-स्क्रिप्ट, पायथन, कैनवा, एडवांस एक्सेल, फ्लटर, फाइवर आदि जैसी विभिन्न उभरती तकनीकों पर ध्यान केंद्रित किया।

उन्होंने छात्रों को समझायां समस्या निवारण समस्या-समाधान के लिए एक व्यवस्थित दृष्टिकोण है जिसका उपयोग अक्सर जटिल मशीनों, इलेक्ट्रॉनिक्स कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर सिस्टम के साथ समस्याओं को खोजने और ठीक करने के लिए किया जाता है। इस कार्यक्रम में बीसीए और बी वोक (सॉफ्टवेयर डैवलपमेंट) के 80 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ सचिन गर्ग थे। सत्र छात्रों के लिए अत्यधिक संवादात्मक और उपयोगी साबित हुआ।